# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–26.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा और खेल में उत्कृष्टता की सराहना की, कहा–यह प्रगति उग्रवाद के खिलाफ सामूहिक प्रयासों की सफलता को दर्शाती है।
2. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल रांची के नागरिक अभिनंदन समारोह में हुए शामिल, कहा–देश में रहने के लिए झारखंड सर्वोत्तम राज्य।
3. रांची में कोरोना की एंट्री, नए वेरिएंट पर झारखंड अलर्ट मोड पर, स्वास्थ मंत्री ने सतर्कता बरतने की अपील की।
4. आज राज्य में आज तेज हवा और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने येलो अलर्ट किया जारी।
5. आईपीएल टी 20 क्रिकेट में कल रात सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 110 रनों से किया पराजित।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रगति, शांति बहाली और सामूहिक प्रयासों की सफलता को दर्शाती है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलग्रस्त क्षेत्रों के बच्चों में विज्ञान के प्रति जुनून है और खेलों में भी वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में कक्षा दस और 12 की परीक्षा के परिणाम उत्कृष्ट रहे हैं।

****************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे के पहले दिन कल जमशेदपुर में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल हुए। इसके बाद वे रांची में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड रहने के लिए देश का सबसे अच्छा राज्य है। उन्होंने साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

वहीं इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को आज पूरी दुनिया अपनाती है, चाहे वह योग हो या मोटे अनाज का प्रयोग। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को नई दिशा और वैश्विक पहचान मिली है।

****************

भारतीय अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन गई है।

****************

देश में कोविड के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क, घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से भीड़–भाड़ में मास्क पहनने और सतर्कता बरतने की अपील की। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार केंद्र की नई गाइडलाइन्स का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने और केवल आधिकारिक सूचना पर भरोसा करने को कहा।

इधर रांची में फिल्म समीक्षक लाल विजय शाहदेव ने खुद कोरोना से संक्रमित होने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। फिलहाल उनका इलाज हो रहा है। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात ने बताया कि उनके संपर्क में आए लोगों की पहचान के लिए विशेष टीम बनाई गई है और सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

*****************

हजारीबाग जिले में शहीद स्मारक का जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने के बाद श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव, उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। सभी ने दीप जलाकर वीर शहीदों को नमन किया और उनकी वीरता को याद किया। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

*****************

दुमका जिले की महिलाओं ने आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में बड़ी उपलब्धि अर्जित की है।

*****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- खूंटी पुलिस ने सोना–चांदी चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त ने चोरी की बात कबूल की और उसकी निशानदेही पर सामान बरामद किया गया।
- सरायकेला टाटा मुख्य मार्ग पर नदीडीह गांव के पास बाइक और ट्रक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू करवाया। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि ट्रक चालक फरार है और पुलिस जांच में जुटी है।

*****************

आज राज्य में तेज हवाओं के साथ बारिश और मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है, जिसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। अगले तीन घंटे के अंदर गुमला, खूंटी, सरायकेला–खरसावां, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 31 मई तक राज्य में रुक–रुक कर बारिश के कारण मौसम ठंडा बने रहने का अनुमान जताया है।

*****************

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में कल रात सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 110 रन से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के 279 रन की विशाल चुनौती के जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी निर्धारित बीस ओवर के 8 गेंद शेष रहते ही 168 रनों पर सिमट गई। हेनरिक क्लासेन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकांश अखबारों ने अलग अलग खबरों को को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर लिखता है प्लस टू स्कूलों में 1373 शिक्षकों की होगी नियुक्ति, प्रस्ताव पर मंत्री ने दी स्वीकृति।

दैनिक भास्कर ने तेज प्रताप को राजद से निकाले जाने पर लिखा है–लालू नाराज–तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से निकाला।

हिंदुस्तान लोकसभा के हवाले से लिखता है –आतंकवाद के समर्थक भुगतेंगे अंजाम।

दैनिक जागरण ने –भारत के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर नीति आयोग के सीईओ के हवाले से लिखा है–जापान को पीछे छोड़ चौथी अर्थव्यवस्था बने हम।

**********************